# राज्य को मिले पंचायती राज विभाग के 350 अधिकारी, मुख्यमंत्री ने दिए नियुक्ति-पत्र

**समारोह**

**8 -मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है, लेकिन पूर्व में इस ओर ध्यान नहीं दिया गया**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने रविवार को पंचायती राज विभाग के 350 कार्मिकों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव बताया। उन्होंने कहा कि विकसित उत्तराखण्ड हम सबका सामूहिक लक्ष्य बताते हुए युवाओं से गांवों के विकास के लिये समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।
रविवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंचायती राज विभाग की ओर से आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में पंचायती राज विभाग के 08 सहायक लेखाकारों और 342 ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। सहायक लेखाकारों का चयन लोक सेवा आयोग तथा ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों का चयन अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से किया गया है।
मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि नियुक्ति पाने वाले लेखाकार और ग्राम पंचायत विकास अधिकारी हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्राथमिक इकाई ही नहीं इसकी नींव के समान है। पंचायती राज व्यवस्था जितनी सशक्त होगी हमारा लोकतंत्र भी उतना ही मजबूत होगा, तभी सुराज की परिकल्पना भी साकार हो सकेगी।
मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति की परेशानी, उसकी शिकायत को सरकार तक पहुंचाने और सरकार द्वारा किए जा रहे लोक कल्याणकारी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। आज सरकार खुद चल कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है, उसको सशक्त बना कर विभिन्न योजनाओं का लाभ दिला रही है। आज चाहे, एलपीजी गैस कनेक्शन हो, बिजली कनेक्शन हो, पानी कनेक्शन हो, स्वच्छ भारत अभियान के तहत इज्जतघरों का निर्माण हो या अन्य योजनाएं हों, सरकार की प्रत्येक योजना के केन्द्र में समाज का वंचित वर्ग भी शामिल है।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में चलने वाली सरकार में वंचितों की आवश्यकताएं पूर्ण करना ही हमारी प्राथमिकता हैं। हम निरंतर यह प्रयास कर रहे हैं कि विकास केवल शहरों तक सीमित न रहे, बल्कि इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्रों के सभी लोगों तक पहुंचे।
मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है, लेकिन पूर्व में इस ओर ध्यान नहीं दिया गया और विकास की दृष्टि से गांवों को सबसे निचले पायदान पर रखा गया और गांवों के लिए जो पैसा भेजा जाता था, वह वहां तक नहीं पहुंच पाता था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने इस स्थिति को पूरी तरह बदल दिया।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने की सीएम से भेंट



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
आंदोलनरत आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंप अपनी समस्याओं के समाधान की अपील की है। वैसे 14वें दिन भी आंदोलनकारियों का आंदोलन जारी रहा। आंदोलनकारी आंगनबाड़ी कार्यकताओं का कहना है कि विभागीय मंत्री रेखा आर्य ने आंगनबाड़ी कार्यकताओं और सहायकों के मानदेय में बढ़ोतरी न करने का बयान पिछले दिनों सदन में दिया था, जिसके कारण आंगनबाड़ी कार्यकर्ता असंतुष्ट हैं। धरना स्थल पर जारी धरना कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकताओं का कहना है कि महालक्ष्मी किट, चिप्स, अंडा, खजूर के लिए करोड़ों का बजट दिया जा रहा है, लेकिन जो उसे धरातल पर उतार रहा है, उनके लिए सरकार के पास पैसा नहीं है। आगंनबाड़ी कार्यकताओं की मांग है कि न्यूनतम मजदूरी 600 की जाए और वरिष्ठता के आधार पर 15 वर्ष पूरे होने पर मानदेया बढ़ा दिया जाए। रिटायरमेंट होने पर 5 लाख का प्रावधान दिया जाए। इंटर पास बहनों को 50 वर्ष पूरे होने पर मानदेय बढ़ाया जाए और गोल्डन कार्ड दिया जाए। आंदोलनकारी रेखा नेगी, मीनाक्षी रावत, पूनम कैंतुरा, मीना बोहरा, रूकमीण धामी, पुष्पा सजवाण आदि ने मुख्यमंत्री से भेंट की।

# विकास और आस्था के बीच टकराव की स्थिति, सड़क चौड़ीकरण का मामला

**पेड़ कटान**

**8 देवदार के लगभग एक हजार पेड़ों के कटान पर तीन किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण रुका हुआ है।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
विकास और विकास विरोधी कार्यकताओं में आपसी विरोध होना संभव है। अल्मोड़ा के सड़कों के आड़े आ रहे देवदार के लगभग एक हजार पेड़ों के कटान पर तीन किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण रुका हुआ है। इस पर ग्रामीण आस्था के नाम पर विरोध कर रहे हैं।
अल्मोड़ा के आरतोला से जागेश्वर तक बनने वाली इस सड़क के चौड़ीकरण के लिए लगभग एक हजार देवदार के पेड़ काटने की तैयारी है, लेकिन ग्रामीण इसका विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि दारूक वन में खड़े इन पेड़ों की पूजा करते हैं और इन्हें कटने नहीं देंगे। दूसरी ओर कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग ने चौड़ीचरण के क्षेत्र में आ रहे पेड़ों का चिन्हीकरण प्रारंभ कर दिया है जिसका पुरजोर विरोध हो रहा है।
ग्रामीणों का कहना है कि हमारा जागेश्वर धाम देवदार के जंगल के बीच स्थित है जिसमें हम दारूक वन के नाम से जानते हैं। पौराणिक मान्यता है कि इसी दारूक वन में भगवान शिव ने अपना निवास बनाया लेकिन सरकार इस दारूक वन के अंतर्गत स्थित जागेश्वर धाम के विकास के लिए प्रयास कर रही है। भगवान शिव का निवास स्थान माने जाने वाले जागेश्वरद धाम के लिये मार्ग दुरूस्त करने के लिए मास्टर प्लान बनाया गया है जिसे धरातल पर उतारा जाना आवश्यक है और इसी के तहत आरतोला से जागेश्वर तक 3 किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण होना है। दो लेन सड़क बनाने के लिए लगभग एक हजार से अधिक देवदार के पेड़ सड़क के बीच आ रहे हैं, जिनके काटे बगैर इस सड़क का निर्माण होना संभव नहीं है जबकि स्थानीय लोगों ने बैठक कर कहा कि इस क्षेत्र में स्थित पेड़ों को भगवान शिव, पार्वती, गणेश और पांडव वृक्ष के रूप में पूजा जाता है।
इसी संदर्भ में क्षेत्रवासियों ने उप जिलाधिकारी एनएस नगन्याल को एक ज्ञापन दिया है जिसमें मांग की गई है कि मास्टर प्लान के अंतर्गत पेड़ों का कटान रोका जाए। ऐसा करने पर ग्रामीणों ने बड़े और कड़े आंदोलन की कार्यवाही की चेतावनी दी है। इस संदर्भ में अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण खण्ड विनोद गुप्ता का कहना है कि आरतोला-जागेश्वर सड़क का चौड़ीकरण होना है जिसके अंतर्गत आने वाले पेड़ों का चिन्हीकरण किया जा रहा है।
उन्होंने कहा कि पेड़ कटान के लिए लंबी प्रक्रिया अपनानी पड़ती है, इसके लिए वन विभाग की अनापत्ति तथा अन्य व्यवस्थाएं होती है जिनके बाद ही पेड़ों की कटान होगी लेकिन ग्रामीण इस मामले पर पूरी तरह अड़े हुए है कि वह वह पेड़ नहीं कटने देंगे। जिन लोगों ने पेड़ न कटने देने के लिए अपना विरोध प्रकट किया है उनमें शंकर, विनोद, पवन भट्ट, जगदीश प्रसाद, योगेश भट्ट आदि के नाम शामिल हैं। इन लोगों का कहना है कि हम इस क्षेत्र के पेड़ों को नहीं कटने देंगे जबकि विकास के लिए इन पेड़ों का कटना आवश्यक है।
इस संदर्भ में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी ट्वीटर के माध्यम से जागेश्वर धाम में मास्टर प्लान के अंतर्गत सड़क चौड़ीकरण में पेड़ों के संभावित कटान का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों से सर्वे की पुनः समीक्षा करने का निर्देश दिया है।

## राष्ट्रीय उत्थान को समर्पित है भारत विकास परिषद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
प्रांतीय दायित्वधारियों के चयन हेतु आयोजित भारत विकास परिषद की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश ने कहा कि वर्तमान अपसंस्कृति के प्रवाह में जीवन में संस्कारों को जीवित रखने की आवश्यकता है। आज अपनी संस्कृति और सेवा भाव के लिए सबल बनने की जरूरत है। हम अपने लिए नही देश और समाज के लिए जीयें। इस भाव को भारत विकास परिषद सुगमता से आगे बढ़ा रहा है।
परिषद के क्षेत्रीय महासचिव अनुराग दुबलिश कहा कि परिषद ने जो वार्षिक कैलेंडर जारी किया है उस पर नई कार्यकारिणी अभी से फोकस करे और प्रांत के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

# पल्स पोलियो अभियान शुरू, 9 तक दस्तक देंगे स्वास्थ्यकर्मी

**अभियान**

**8 मुख्य चिकित्साधिकारी ने नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरूआत की।**




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस पर रविवार को देहरादून के जिला कोरोनेशन चिकित्सालय में सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ किया गया। जनपद के समस्त बूथों पर बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाई गई। अब चार से नौ मार्च तक स्वास्थ्यकर्मी घर-घर दस्तक देकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगे।
मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय जैन ने नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरूआत की। साथ ही अभिभावकों से अपील की है कि अभियान के दौरान सभी अभिभावक जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों में अब भी पोलियो के केस सामने आ रहे हैं, इसलिए हमें सचेत रहना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक पीने से वंचित न रह जाए।
1501 पोलियो बूथ स्थापित, प्रतिदिन होगी समीक्षा-
जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. वंदना सेमवाल ने बताया कि अभियान के तहत जनपद के कुल 2,33,500 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके 1403 स्थिर बूथ, 70 ट्रांजिट बूथ तथा 26 मोबाइल बूथ सहित कुल 1501 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। वहीं कुल 1492 टीमों का गठन किया गया है। अभियान के लिए 339 पर्यवेक्षक तैनात हैं। अभियान के दौरान प्रत्येक दिन सायं पांच बजे तक दिनभर की रिपोर्ट तथा अनुश्रवण आख्या प्राप्त कर समीक्षा की जाएगी।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।
जनपद के थाना भगवानपुर निवासी एक महिला ने पुलिस को 1 मार्च को तहरीर देकर अपनी नाबालिग पुत्री के साथ नीरज कुमार पुत्र कुबेर प्रसाद निवासी ग्राम रमई राय टोला थाना बरौली जनपद गोपालगंज बिहार, हाल निवासी भगवानपुर हरिद्वार पर बलात्कार का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करवाया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित नीरज कुमार पुत्र कुबेर प्रसाद निवासी ग्राम रमई राय टोला थाना बरौली जनपद गोपालगंज बिहार हाल निवासी भगवानपुर जिला हरिद्वार को जहाजगढ़ श्मशान घाट के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

# परिवहन विभाग और एम्स के संयुक्त तत्वावधान में रेडक्रॉस स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित कर फर्स्ट रिस्पांडर्स बनाया



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
परिवहन विभाग एवं एम्स ऋषिकेश के संयुक्त तत्वावधान में उत्तराखंड के सभी 13 जनपदों से फर्स्ट रिस्पांडर्स तैयार किए जा रहे हैं। इसके लिए प्रशिक्षण कार्यशाला के माध्यम प्रत्येक जनपद से 50 स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित कर प्रदेश में 650 फर्स्ट रिस्पांडर्स का लक्ष्य रखा गया। इसी के तहत जनपद हरिद्वार के 50 रेडक्रॉस स्वयंसेवकों को एम्स के ट्रॉमा सेंटर एवं क्रिटिकल केयर के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित कर फर्स्ट रिस्पांडर्स बनाया गया।
प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ एम्स की निदेशक डॉ. मीनू सिंह, संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. जया चतुवेर्दी, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरबी कालिया, रक्तकोष अधीक्षक डॉ. गीता नेगी, ट्रॉमा सेंटर एवं क्रिटिकल केयर के अधीक्षक प्रो. डॉ. कामर आजम, कार्यक्रम निदेशक एवं ट्रॉमा सर्जन डॉ मधुर उनियाल, संयोजक महेश गजानन देवस्थले, डॉ. नीरज कुमार डॉ गिरीश एवं ऋषिकुल राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के एनाटॉमी विभागाध्यक्ष, रेडक्रॉस सचिव प्रो. डॉ. नरेश चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया ।
एम्स निदेशक डॉ. मीनू सिंह ने प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ट्रॉमा सेंटर एवं क्रिटिकल केयर के ट्रेनर्स द्वारा तैयार किए गए सभी फर्स्ट रिस्पांडर्स प्रदेश के विभिन्न सड़क दुर्घटना क्षेत्र से दुर्घटनाओं की की स्थिति में ट्रॉमा रोगियों के लिए मुख्य रूप से मददगार सिद्ध होंगे जिनकी सहायता से मृत्यु दर को कम किया जा सकता है।
ऋषिकुल राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के शरीर रचना विभागाध्यक्ष डॉ. नरेश चौधरी ने कहा कि जनपद हरिद्वार के रेड क्रॉस स्वयंसेवकों के लिए गर्व का विषय है कि इस चुनौती पूर्ण स्वयं सहायता टीम का सक्रिय सदस्य होने का अवसर मिला।

## उत्तराखंड में प्रारंभ होगी मोदी दगड़ केम्पेन

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मोदी दगड़ उत्तराखंड केम्पेन के प्रमुख और राष्ट्रीय मीडिया टीम के सदस्य, भाजपा के पूर्व सोशल मीडिया प्रमुख शेखर वर्मा ने रविवार को बताया कि पूरे प्रदेश के प्रमुख शहरों व कस्बों में केम्पेन से जुड़े कार्यक्रम कराए जाएंगे।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्तराखंड के लिए कराये गए अभूतपूर्व विकास कार्यों की जनता के बीच प्रमुखता से चर्चा करना है। जिन लाभार्थियों को लाभ मिला है, उनके विचारों को डिजिटल प्लेटफार्म से जनता के बीच ले जाने और विभिन्न विकास कार्यों के वीडियो बनाकर जनता को मुहिम से जोड़ना है।

# संयुक्त रूप से होली मिलन कार्यक्रम आयोजित करेंगे पत्रकार संगठन



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पत्रकार प्रेस महासंघ के प्रदेश महासचिव विकास चौहान ने बताया कि रविवार को पत्रकार प्रेस महासंघ एवं पत्रकार प्रेस परिषद की संयुक्त बैठक 7 हरनाम परिसर सहारनपुर रोड देहरादून में पत्रकार प्रेस महासंघ के प्रेसिडेंट डॉ. नवीन हिककी के अध्यक्षता में हुई। विशेष रूप से पत्रकार प्रेस परिषद कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रवि अरोड़ा की उपस्थिति में बैठक का संचालन पत्रकार प्रेस महासंघ आफ उत्तराखंड के जनरल सेक्रेटरी विकास चौहान ने किया। बैठक में देहरादून मसूरी ऋषिकेश ऋषिकेश हरिद्वार डोईवाला विकास नगर आदि स्थानों के पत्रकारों ने प्रतिभाग किया।
बैठक में पत्रकार प्रेस महासंघ के अध्यक्ष डॉ. नवीन हिककी, पत्रकार प्रेस परिषद के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष श्री अरोड़ा का फूल माला से स्वागत किया गया। इसमें पत्रकार हित में विचार विमर्श कर चर्चा की गई। बैठक में पत्रकारों की कई समस्याएं आई जिस पर चर्चा करते हुए पत्रकार प्रेस महासंघ के प्रेसिडेंट नवीन विक्की ने एवं परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रवि अरोड़ा ने प्रस्ताव पास कर प्रमुख निर्णय लिए। इनमें राज्य के पत्रकारों की समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री को सौंप जाएगा। इस पर निर्णय लिया गया है कि जहां भी कहीं पत्रकार भाइयों के साथ कोई भी उत्पीड़न हुआ तो उसको बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और शासन प्रशासन के आगे पत्रकारों की समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा
पत्रकार प्रेस महासंघ एवं पत्रकार प्रेस परिषद के पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से निर्णय लिया कि शीघ्र ही रंगों का त्योहार होली का आगमन हो रहा है। पत्रकार संगठन की ओर से राजधानी देहरादून में एक सुंदर और भव्य होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री को एवं अन्य प्रतिनिधि एवं अधिकारी गणों को आमंत्रित किया जाएगा।

# सरकारी कार्यों में बांधा डालना पड़ा भारी, इनामी आरोपित गिरफ्तार

**वांछित**

**8 वांछित आरोपित पर 25 हजार रुपये इनाम भी घोषित था। मामला सन 1995 का है**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
सरकारी कार्यों में बांधा डालना और न्यायालय में सुनवाई पर उपस्थित न होना एक अधेड़ को भारी पड़ गया। न्यायालय से भगोड़ा घोषित आरोपित आखिरकार पुलिस के हाथ लग ही गया। वांछित आरोपित पर 25 हजार रुपये इनाम भी घोषित था। मामला सन- 1995 का है, तब उत्तराखंड प्रदेश का गठन नहीं हुआ था। उस समय उत्तराखंड उत्तर प्रदेश का हिस्सा था और उत्तरांचल के नाम से जाना जाता था।

**यह था मामला-**
दरअसल, सन- 1995 में उत्तरांचल वन विकास निगम ने लगभग 40 अस्थाई चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को कार्य से हटा दिया था। इस पर कर्मचारी कर्जन रोड स्थित वन निगम कार्यालय में लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। 24 जुलाई 1995 को उत्तरांचल वन निगम के तत्कालीन महाप्रबंधक केएन सिंह ने लगभग 30 अस्थाई कर्मचारियों के विरुद्ध डालनवाला थाने पर मुदकमा दर्ज कराया था।
विवेचना के दौरान 22 सितंबर 1995 आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय में सुनवाई के दौरान आरोपित गोपाल लाल शाह (26) पुत्र रामलाल शाह निवासी ग्राम सुरकाली थाना कपकोट जनपद बागेश्वर उपस्थित नहीं हो रहा था। इस पर न्यायालय ने आठ अगस्त 2011 को उसे भगोड़ा घोषित कर दिया। वहीं लगातार फरार चल रहे आरोपित पर एसएसपी देहरादून ने 25 हजार रुपये इनाम घोषित कर दिया था।

**न्यायालय में पेश किया जाएगा आरोपित-**
वर्तमान में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) देहरादून के निर्देश पर फरार व इनामी आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान डालनवाला पुलिस ने आरोपित को जनपद बागेश्वर स्थित घर से गिरफ्तार कर लिया। नियत समय पर आरोपित को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# पांच हजार के इनामी बदमाश गिरफ्तार



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
श्यामपुर थाना पुलिस ने एक मामले में वांछित चल रहे पांच हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है।
बीती 1 जनवरी को श्यामपुर थानाध्यक्ष नितेश शर्मा ने गैंगस्टर अधिनियम बनाम हुकम सिंह पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम नन्दपुर थाना नगीना जनपद बिजनौर उ.प्र. (गैंग लीड़र), मनोज राठौर पुत्र रमेश चन्द्र राठौर निवासी हरवंशवाला थाना बढ़ापुर जनपद बिनजौर उ.प्र. व अब्दुल कादिर पुत्र अली हुसैन निवासी कस्बा बढ़ापुर थाना बढ़ापुर जिला बिजनौर उ.प्र. के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था।
विवेचना प्रभारी निरीक्षक कनखल हरिद्वार के सुपुर्द की गयी। इस मुकदमे में वांछित चल रहे हैं आरोपित मनोज राठौर पुत्र रमेश चन्द्र राठौर निवासी हरवंशवाला थाना बडापुर जनपद बिनजौर उ.प्र. को कांवड़ मेले के दौरान रसियाबड के पास थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। है। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है।

## सौरव गांगुली ने खत्म की रणजी ट्रॉफी vs IPL' डिबेट, बोले- सचिन, द्रविड़ और मैं...

नई दिल्ली.एजेंसी

भारत के पूर्व कप्तान और बीसीसीआई के चेयरमैन रहे सौरव गांगुली ने युवा क्रिकेटरों को सलाह दी है कि आईपीएल और रेड-बॉल क्रिकेट में करियर साथ-साथ चल सकता है। उनका कहना है कि रणजी ट्रॉफी के करीब एक महीने बाद आईपीएल शुरू होता है तो आपको उसके लिए चिंतित होने की जरूरत नहीं है। सौरव गांगुली खुद सक्रिय क्रिकेटर होकर सभी फॉर्मेट की क्रिकेट को तवज्जो देते थे। उन्होंने सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, विराट कोहली और रोहित शर्मा का उदाहरण देते हुए अपनी बात स्पष्ट की। रणजी ट्रॉफी छोड़ने की वजह से ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को अपना अनुबंध खोना पड़ा है। ईशान किशन ने मानसिक थकान का हवाला देते हुए दिसंबर में टीम से अपना नाम वापस लिया था और अब वे डीवाई पाटिल टी20 टूर्नामेंट में उतरे।

वहीं, श्रेयस अय्यर चोट के कारण टेस्ट सीरीज से बाहर हुए थे, लेकिन एनसीए द्वारा फिटनेस टेस्ट पास करने के बाद भी रणजी ट्रॉफी नहीं खेले और वे कोलकाता नाइट राइडर्स के कैंप में चले गए। बीसीसीआई इससे नाराज दिखी और उनका सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट टर्मिनेट कर दिया। बीसीसीआई ने ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को लेकर चल रही तमाम खबरों के बीच साफ शब्दों में कहा था कि अगर रणजी ट्रॉफी कोई खिलाड़ी छोड़ता है तो उसके गलत परिणाम होंगे। जय शाह ने राजकोट में एक इवेंट में ये बात कही थी और कुछ दिनों के बाद एक ईमेल लिखकर सभी खिलाड़ियों को इसकी जानकारी दी थी कि रणजी ट्रॉफी छोड़कर आपको आईपीएल को प्राथमिकता नहीं देनी है। इसी पर गांगुली ने कहा है कि अगर आपको रेड और व्हाइट बॉल क्रिकेट खेलने में दिक्कत नहीं है तो फिर साथ में दोनों खेल सकते हैं। उन्होंने टाइम्स ऑफ इंडिया से बात करते हुए कहा, -वे लाल गेंद और सफेद गेंद दोनों खेल सकते हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट के साथ-साथ आईपीएल करियर भी हो सकता है।

## महिला पहलवान ने कंधे पर उठाकर बनाई युजवेंद्र चहल की फिरकी, हुआ बुरा हाल

**नई दिल्ली.**भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल का एक वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक महिला पहलवान चहल को अपने कंधों पर उठाकर उनकी फिरकी बनाती हुई नजर आ रही है। यह वीडियो झलक दिखला जा की रैप-अप पार्टी का बताया जा रहा है। बता दें, चहल की पत्नी धनश्री वर्मा इस शो का हिस्सा थीं और उन्होंने टॉप-5 में अपनी जगह बनाई थी। हालांकि वह इस शो को जीत नहीं पाईं। मनीषा रानी झलक दिखला जा 11 की विनर बनीं।

बात युजवेंद्र चहल के इस वीडियो की करें तो उन्हें और किसी ने नहीं बल्कि महिला पहलवान संगीता फोगाट ने उठाया था। संगीता



फोगाट भी इस शो का हिस्सा थीं, मगर वह पहले ही हफ्ते बाहर हो गई थीं। वीडियो में संगीता युजवेंद्र चहल को अपने कंधे पर उठाकर घुमाती दिख रही है। भारतीय खिलाड़ी उन्हें बार-बार उतारने को कह रहा था, मगर वह मान नहीं रही थीं। जब संगीता ने चहल को जमीन पर उतारा तो उनका बुरा हाल हो रखा था।

बात युजवेंद्र चहल की करें तो वह फिलहाल टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। उन्होंने भारत के लिए अपना आखिरी मैच टी20 फॉर्मेट में पिछले साल अगस्त में खेला था। बीसीसीआई ने हाल ही में सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट भी जारी किया है जिसमें युजवेंद्र चहल को बाहर कर दिया गया है। पिछले साल तक चहल इसका हिस्सा थे।अब चहल आगामी आईपीएल 2024 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। उम्मीद है इस सीजन में धाकड़ परफॉर्मेंस देने के बाद वह वापस टीम इंडिया में अपनी जगह बना पाएं।

# ऑस्ट्रेलिया ने 8 साल बाद न्यूजीलैंड को घर में घुसकर रौंदा, मेजबानों को 172 रनों से चटाई धूल, ये खिलाड़ी बना हीरो

**New Zealand vs Australia Highlights vst Test- ऑस्ट्रेलिया ने वेलिंगटन टेस्ट में न्यूजीलैंड को 172 रनों से हराकर दो मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। नाथन लायन कंगारुओं की जीत के हीरो रहे।**



**नई दिल्ली.**पैट कमिंस की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने न्यूजीलैंड को पहले टेस्ट में 172 रनों से रौंदकर 2 मैच की सीरीज में 1-0 की अजेय बढ़त बना ली है। कंगारुओं ने मेजबानों के सामने जीत के लिए 369 रनों का लक्ष्य रखा था, इस स्कोर के आगे कीवी टीम 196 रनों पर ही सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को घर में घुसकर 8 साल बाद रौंदा है, इससे पहले उन्हें न्यूजीलैंड की सरजमीं पर आखिरी जीत 2016 में मिली थी। ऑस्ट्रेलिया की जीत के हीरो कैमरून ग्रीन रहे जिन्होंने इस मुश्किल पिच पर 174 रनों की नाबाद पारी खेली। इस पारी के दौरान उन्होंने 10वें विकेट के लिए जोश हेजल वुड के साथ 116 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी भी की थी। ग्रीन को उनकी इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया।वहीं गेंदबाजी में ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथन लायन चमके, जिन्होंने पूरे मैच में 10 विकेट चटकाए। पहली पारी में उन्हें 4 सफलताएं मिली तो वहीं दूसरी पारी में उन्होंने 6 कीवी बल्लेबाजों का शिकार किया।पिछले 2 दशक में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच 20 मुकाबले खेले जा चुके हैं जिसमें कंगारुओं की यह 17वीं जीत है।

ऑस्ट्रेलिया इस दौरान मात्र एक ही टेस्ट कीवी टीम से हारा है।

न्यूजीलैंड की हार की मुख्य वजह उनके बल्लेबाज बने, दोनों पारियों में एक भी बार टीम 200 रन का आंकड़ा नहीं छू पाई। ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए कैमरोन ग्रीन (174*) की शतकीय पारी के दम पर 383 रन बोर्ड पर लगाए थे, इस स्कोर के आगे न्यूजीलैंड की टीम पहली पारी में 179 रनों पर ढेर हो गई थी।कंगारुओं को पहली पारी के बाद 204 रनों की अच्छी खासी बढ़त मिली थी। हालांकि ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी में बड़ा स्कोर नहीं कर पाई। न्यूजीलैंड ने शानदार वापसी करते हुए मेहमानों को दूसरी पारी में मात्र 164 रनों पर समेट दिया था। ग्लेन फिलिप्स इस दौरान गेंदबाजी में चमके थे, उन्होंने करियर का पहला 5 विकेट हॉल लिया था।

मेजबानों को जीत के लिए 369 रनों का लक्ष्य मिला था। टीम की शुरुआत इस दौरान भी बेहद खराब रही थी। महज 59 के स्कोर पर केन विलियमसन समेत टॉम लैथम और विल यंग के रूप में टीम ने तीन बड़े विकेट खो दिए थे। हालांकि तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक रचिन रविंद्र (59) और डेरिल मिचेल (38) ने न्यूजीलैंड की पारी को संभाल लिया था और चौथा विकेट नहीं गिरने दिया था।

न्यूजीलैंड ने चौथे दिन की शुरुआत 3 विकेट के नुकसान पर 111 रनों से की थी। उम्मीद जताई जा रही थी कि मेजबान टीम आखिरी पारी में ऑस्ट्रेलिया को टक्कर देगी, मगर चौथे दिन के पहले सेशन में ही कंगारुओं ने न्यूजीलैंड को समेट दिया। न्यूजीलैंड दूसरी पारी में 196 रनों पर ऑलआउट हुआ और ऑस्ट्रेलिया ने 172 रनों से यह मुकाबला अपने नाम किया।

# अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग सेरेमनी में एमएस धोनी, साक्षी और ब्रावो ने खेला डांडिया

**नई दिल्ली.**देश के सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग सेरेमनी जामनगर में जारी है। देश और दुनिया के हजारों हस्तियां अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी से पहले की रस्मों में गवाह बन रही हैं। फिल्मी सितारे, क्रिकेटर, बिजनेसमैन और तमाम बड़े लोगों से जामनगर भरा हुआ है।

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी भी इस इवेंट का हिस्सा हैं। सीएसके के उनके पूर्व साथी ड्वेन ब्रावो भी जामनगर पहुंचे। ये दोनों दिग्गज साथ में डांडिया खेलते नजर आए, क्योंकि गुजरात में डांडिया काफी फेमस है।

इन दोनों का वीडियो वायरल हो रहा है।2 मार्च को एमएस धोनी अपनी पत्नी साक्षी और साउथ के सुपरस्टार रामचरन के साथ नजर आए थे। बाद में वे ब्रावो के साथ डांडिया खेलते नजर आए। सीएसके की फैन आर्मी ने उनका वीडियो शेयर किया है। कैप्शन में विसलपोडू आर्मी ने लिखा, अनंत-राधिका के विवाह से पहले आयोजित उत्सव में थाला धोनी, साक्षी और डीजे ब्रावो डांडिया खेलते हुए!! ड्वेन ब्रावो मुंबई इंडियंस के लिए कुछ सीजन खेले हैं और मुंबई इंडियंस टीम के लिए जो खेलता है, वह हमेशा के लिए एमआई फैमिली में शामिल हो जाता है। यही कारण है कि उनको भी ये निमंत्रण मिला था।

धोनी ही नहीं, बल्कि सचिन तेंदुलकर, रोहित शर्मा, जहीर खान, किरोन पोलार्ड, हार्दिक पांड्या, ड्वेन ब्रावो, टिम डेविड, ट्रेंट बोल्ट, निकोलस पूरन समेत देश और दुनिया के दर्जनों क्रिकेटरों ने अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री वेडिंग सेरेमनी में हिस्सा लिया।

3 मार्च को भी ये इवेंट जारी रहेगा। मुंबई इंडियंस के लिए कभी ना कभी खेलने वाले ज्यादातर क्रिकेटरों को इस इवेंट का इनवाइट मिला था।

# WTC के इतिहास में ऐसा कारनामा करने वाले पहले गेंदबाज बने नाथन लायन, अश्विन को इस मामले में पछाड़ा

नई दिल्ली.एजेंसी

ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लायन ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में एक बड़ा कारनामा कर दिया है। वह इस टूर्नामेंट में 10 बार 5 विकेट हॉल लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए हैं।

जी हां, इस मामले में उन्होंने भारतीय स्पिनर आर अश्विन को पछाड़ा है जिनके नाम WTC में 9 बार 5 विकेट हॉल लेने का रिकॉर्ड है। नाथन लायन ने यह उपलब्धि न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन टेस्ट में हासिल की। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरी पारी में पंजा खोलते हुए 6 कीवी बल्लेबाजों का शिकार किया। लायन ने इस मैच में कुल 10



विकेट चटकाए। उनकी इस धाकड़ परफॉर्मेंस के दम पर ही ऑस्ट्रेलिया यह मुकाबला 172 रनों से जीतने में कामयाब रहा। ऑस्ट्रेलिया ने दो मैच की इस टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

नाथन लायन ने न्यूजीलैंड की दूसरी पारी में टॉम लैथम के रूप में अपना पहला शिकार किया, इसके बाद उन्होंने केन विलियमसन, रचिन रविंद्र, टॉम ब्लंडल, ग्लेन फिलिप्स को आउट कर अपना पंजा खोला, वहीं 6ठा विकेट उन्हें कप्तान टिम साउदी के रूप में मिला।

वह WTC 2023-25 में लायन का पहला 5 विकेट हॉल है।बात WTC के इतिहास में सबसे ज्यादा 5 विकेट हॉल लेने वाले गेंदबाजों की करें तो टॉप-5 की इस सूची में नाथन लायन और आर अश्विन के बाद पैट कमिंस, जसप्रीत बुमराह और टिम साउदी का नाम आता है। कमिंस ने 8 बार तो, बुमराह व साउदी ने क्रमश 7 और 6 बार यह कारनामा किया है।

## सुनील गावस्कर ने साधा विराट कोहली पर निशाना? बोले- अगर कोई सोचता है कि भारत उनके बिना नहीं जीत सकता तो....



नई दिल्ली.एजेंसी

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने बातों ही बातों में विराट कोहली पर निशाना साधा है। विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ जारी 5 मैच की टेस्ट सीरीज का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने अपने दूसरे बच्चे के जन्म के चलते ब्रेक लिया है। हालांकि उनकी गैरमौजूदगी में युवा खिलाड़ियों का धाकड़ प्रदर्शन के दम पर भारत ने सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। हैदराबाद टेस्ट जीतकर जरूर इंग्लिश टीम ने अच्छी शुरुआत की थी, मगर इसके बाद रोहित शर्मा एंड ब्रिगेड ने इंग्लैंड को विशाखापट्टनम, राजकोट और रांची में धूल चटाई। सीरीज का आखिरी मैच धर्मशाला में खेला जाना है और इस मैच को जीतकर भारत की नजरें 4-1 से सीरीज खत्म करने पर होगी।

इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज में युवा खिलाड़ियों का परफॉर्मेंस शानदार रहा है। यशस्वी जायसवाल का बल्ला इस सीरीज में आग उगल रहा है, वहीं रांची टेस्ट में ध्रुव जुरेल और आकाश दीप ने महफिल लूटी। इससे पहले राजकोट में सरफराज खान चमके थे, उन्होंने अपने डेब्यू मैच की दोनों पारियों में अर्धशतक जड़े थे। भारतीय खिलाड़ियों की फर परफॉर्मेंस से सुनील गावस्कर काफी खुश नजर आए।गावस्कर ने बड़ा बयान देते हुए स्पोर्ट्स तक से कहा, इसीलिए मैं हमेशा कहता हूं, आपको बड़े नामों की जरूरत नहीं है... अगर कोई बड़ा नाम सोचता है कि भारत उसके बिना नहीं जीतेगा तो इन दो सीरीज ने दिखाया है कि आप वहां हैं या नहीं (इससे कोई फर्क नहीं पड़ता)। क्रिकेट एक टीम गेम है। यह किसी एक व्यक्ति पर निर्भर नहीं है।

# मुंबई इंडियंस फिर बनी नंबर-1, आरसीबी को पॉइंट्स टेबल में भारी नुकसान

**मुंबई इंडियंस ने शनिवार रात डब्ल्यूपीएल 2024 के 9वें मुकाबले में आरसीबी को हराकर एक बार फिर नंबर-1 का पायदान अपने नाम किया है। आरसीबी चौथे पायदान पर खिसक गई है।**



नई दिल्ली.एजेंसी

गत चैंपियन मुंबई इंडियंस (एमआई) ने शनिवार रात वुमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 के 9वें मुकाबले में स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को हराकर पॉइंट्स टेबल में पहला स्थान हासिल कर लिया है। यूपी वॉरियर्स के खिलाफ पिछले मुकाबले में मिली हार के साथ जरूर एमआई की टीम थोड़ा लड़खड़ाई थी, मगर आरसीबी के खिलाफ एकबार फिर लय हासिल कर इस टीम ने जीत दर्ज की है। बैंगलोर ने इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए 131 रन बोर्ड पर लगाए थे, इस स्कोर का पीछा मुंबई ने 15.1 ओवर में 7 विकेट रहते कर लिया। एमआई की जीत में अहम योगदान अमिलिया केर ने दिया। उन्होंने किफायती गेंदबाजी करने के साथ 24 गेंदों पर 40 रनों की धुआंधार पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया।

आरसीबी के खिलाफ मिली इस जीत के बाद मुंबई इंडियंस के 6 अंक हो गए हैं और टीम पॉइंट्स टेबल के शीर्ष पर है। आरसीबी ने कुछ ही दिनों पहले पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 का पायदान हासिल किया था, मगर पिछले दो मैचों में हार का सामना करने के बाद टीम अब सीधा चौथे पायदान पर खिसक गई है। जी हां, आरसीबी के अलावा पॉइंट्स टेबल में दिल्ली कैपिटल्स और यूपी वॉरियर्स के भी 4-4 अंक है, मगर खराब नेट रन रेट होने के चलते आरसीबी चौथे पायदान पर है।वहीं गुजरात जायंट्स की टीम अभी तक पॉइंट्स टेबल में खाता नहीं खोल पाई है। टीम ने अभी तक खेले तीनों मुकाबले गंवाए हैं। आज उनका मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होना है, मगर गुजरात आज भी जीत नहीं दर्ज कर पाया तो उनकी प्लेऑफ की राह काफी कठिन हो जाएगी।

# भारत के सिर सजा नंबर-1 का ताज, न्यूजीलैंड की हार से रोहित शर्मा एंड ब्रिगेड को बंपर फायदा

**आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 की पॉइंट्स टेबल में भारत ने पहले स्थान हासिल कर लिया है। न्यूजीलैंड की हार से टीम इंडिया को बंपर फायदा मिला है।**





**नई दिल्ली.** आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 की पॉइंट्स टेबल में एक बार फिर भारत के सिर नंबर-1 का ताज सज गया है। रोहित शर्मा एंड ब्रिगेड को एक बार फिर पहला पायदान न्यूजीलैंड की हार के चलते मिला। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच वेलिंगटन में दो मैच की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेला गया था, इस मैच में मेजबान टीम को 172 रनों से हार का सामना करना पड़ा। मैच गंवाने के साथ न्यूजीलैंड की टीम ने डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 की पोजिशन भी गंवा दी है। कीवी टीम इस हार के बाद दूसरे पायदान पर खिसक गई है, वहीं भारत टॉप पर पहुंच गया है।

वेलिंगटन टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया 75 प्रतिशत अंकों के साथ डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में पहले पायदान पर बना हुआ था, वहीं भारत 64.58 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे पायदान पर था। न्यूजीलैंड के खाते में इस हार के बाद 60 प्रतिशत अंक ही रह गए हैं, ऐसे में भारत ने नंबर-1 की पोजिशन हासिल कर ली है। वहीं ऑस्ट्रेलिया इस जीत के बाद 59.09 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे पायदान पर बना हुआ है।भारत की परफॉर्मेंस इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज में काफी शानदार रही है। टीम इंडिया 5 मैच की इस सीरीज में पहला मुकाबला गंवाने के बावजूद 3-1 की अजेय बढ़त बना चुकी है। हैदराबाद टेस्ट को जीतकर इंग्लिश टीम ने सीरीज का आगाज जोरदार अंदाज में किया था, हालांकि इसके बाद वह अपनी परफॉर्मेंस को अगले मैचों में दोहरा नहीं पाए।

भारत ने इसके बाद विशाखापट्टनम, राजकोट और रांची में बेन स्टोक्स की टीम को बुरी तरह रौंदकर सीरीज अपने नाम की। सीरीज का आखिरी मुकाबला 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाना है। अगर टीम इंडिया यह मैच जीतती है तो वह डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 के पायदान पर बनी रहेगी, वहीं इंग्लैंड के खिलाफ 5वें टेस्ट में उनकी हार डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल उन्हें नुकसान पहुंचा सकती है।

**कैसा रहा न्यूजीलैंड वर्सेस ऑस्ट्रेलिया पहला टेस्ट?**

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने कैमरोन ग्रीन (174*) के नाबाद शतक के दम पर पहली पारी में 383 रन बोर्ड पर लगाए थे, इस दौरान उन्होंने 10वें विकेट के लिए जोश हेजलवुड के साथ 116 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी भी की थी। ऑस्ट्रेलिया के इस स्कोर के आगे न्यूजीलैंड पहली पारी में मात्र 179 रनों पर सिमट गया। ऐसे में कंगारुओं को 204 रनों की अच्छी बढ़त मिल गई थी।

